प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

14.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

भाजपा– तिरंगा यात्रा

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भाजपा ने देशभर में आज से राष्ट्रव्यापी संपर्क अभियान के तहत तिरंगा यात्रा शुरू की है। प्रदेश भाजपा महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने बताया कि तिरंगा यात्रा एक सामाजिक कार्यक्रम है और इस यात्रा का मुख्य उददेश्य पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना की सफलता को जन–जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भी इस यात्रा को लेकर पार्टी ने कार्यक्रम तय किए हैं। ये तिरंगा यात्रा 23 मई तक चलेगी और इस दौरान राष्ट्र प्रेम व एकता का संदेश दिया जाएगा।

.............................................................

सीजेआई गवई–शपथ

न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने आज भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज सुबह राष्ट्रपति भवन में एक विशेष समारोह में न्यायमूर्ति गवई को पद का शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना का स्थान लिया है। जिनका कल कार्यकाल समाप्त हो गया था। इस समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्रियों, और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

.............................................................

अहिल्या बाई जयंती

अहिल्या बाई होलकर की जयंती के उपलक्ष्य पर शिमला स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय दीप कमल चक्कर में आज एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में भाजपा की राष्ट्रीय महिला मोर्चा की महामंत्री दीप्ति रावत ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अहिल्या बाई होलकर को पूरे देश में रानी और देवी के रूप में पूजा जाता है। उन्होंने कहा कि होलकर ने कॉटन इंडस्ट्री को बढ़ावा दिया था। दीप्ति रावत ने बताया कि भाजपा देश और प्रदेश में उनकी जीवनी के बारे में जानकारी देकर महिला सशक्तिकरण का कार्य करेगी।

.............................................................

## मांडविया

केंद्रीय युवा मामले व खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने युवाओं को सुरक्षा और राष्ट्र के प्रति विभिन्न सेवाओं से जोड़ने पर बल दिया है। सभी राज्यों में कल राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारियों की बैठक को ऑनलाइन सम्बोधित करते हुए डॉक्टर मांडविया ने वर्तमान वैश्विक चुनौतियों के संदर्भ में सेवा को नए सिरे से परिभाषित करने का उल्लेख किया। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक के रूप में अपने अनुभव भी साझा किए।

---

## सड़क हादसा

कुल्लू जिला के मनाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिंदु ढांक के समीप आज सुबह कुल्लू की तरफ से आ रही एक तेज़ रफ़्तार टैक्सी ने बकरियों और उनके साथ चल रहे महेन्द्र सिंह को भी कुचल दिया जिससे व्यक्ति और 10 बकरियों की मौत गई। 37 वर्षीय महेन्द्र सिंह मंडी जिले की सदर तहसील के काल्ड़ी क्षेत्र के निवासी थे। ये भेड़–बकरी पालक अपनी बकरियों को लेकर कनयाल की ओर जा रहे थे और बीती रात पतलीकुहल में रुके थे। पुलिस ने मनाली थाने में मामला दर्ज किया है और आगामी कार्रवाई जारी है।

---

## प्रवेश परीक्षा

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर का कॉमन एंट्रेंस टेस्ट एचपीसीईटी–2025 अब 17 मई को एक ही दिन में होगा। तकनीकी विश्वविद्यालय ने प्रवेश परीक्षा की नई तिथि जारी की है। तकनीकी विवि के परीक्षा नियंत्रक कमल देव सिंह कंवर ने बताया कि प्रदेश में प्रवेश परीक्षा के लिए 16 केंद्र स्थापित किए गए हैं और चंडीगढ़ में प्रस्तावित परीक्षा केंद्र अब नालागढ़ में स्थापित करने का फैसला लिया है। उन्होने बताया कि एचपीसीईटी–2025 की परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को अब नए एडमिट कार्ड जारी किए हैं। इस बीच तकनीकी विश्वविद्यालय ने 17 मई को प्रस्तावित बीटेक, बी फार्मेसी सहित अन्य विषयों के नियमित सेमेस्टर व रि–अपीयर परीक्षा स्थगित की है। कॉमन एंट्रेंस टेस्ट के चलते यह निर्णय लिया गया है। 17 मई को होने वाली परीक्षाओं की नई तिथि जल्द जारी की जाएगी।

---